तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

**बहनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को बांधी राखी, मिला स्नेह, आशीर्वाद**



## खबर संक्षेप

### मनमानी दर पर बेचे जा रहे स्टांप, ग्रामीण परेशान

**प्रतापपुर।** तहसील कार्यालय में स्टाप अनाप-शनाप दर पर बेचे जाने से ग्रामीण व आम उपभोक्ता परेशान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित नोटरी करण में शुल्क निर्धारित है वही पक्षकारों एवं ग्रामीणों से कई प्रकार के कार्यों में नोटरी की आवश्यकता पड़ती है जिसमें नोटरी करने का 100 से 200 लिया जा रहा है। कई बार तो ग्रामीणों से कहासुनी हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निर्धारित नोटरी और स्टांप बिक्री में प्रदर्शित नहीं आ पा रही है वही कमीशन खोरी की वजह से छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित शुल्क से 5 गुना ज्यादा वह रजिस्ट्री कार्यों में अनाप-शनाप नोटरी करने का नाम पर ग्राहकों से शुल्क वसूला जाता है। इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि शासन के निर्धारित शुल्क से ज्यादा नोटरी या स्टांप बिक्री पर पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी और लाइसेंस कैंसिल किया जाएगा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जाएगी।

### बांसाझाल कदमहुआ में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**बतौली/ सेदम।** बतौली के दूरस्थ ग्राम पंचायत बासाझाल कदमहुआ में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली के ग्राम पंचायत साल्हयाडीह निवासी सुनील पैकरा आ. रामकुमार पैकरा ( 38 वर्ष) अपने ट्रैक्टर को लेकर ग्राम पंचायत बासाझाल के पहाड़ी क्षेत्र ग्राम कदमहुआ खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालने शाम 4 बजे गया था। फंसा ट्रैक्टर सुनील के चाचा रघुबीर पैकरा का था जिसे निकालने के बाद सुनील वापस घर जा रहा था। जैसे ही सुनील वाहन लेकर पथरीली रास्ते में पहुंचा तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर उसके चाचा रघुबीर ने गांवों वालों और परिजनों को जानकारी दी। इधर घटना की सूचना पर बतौली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक के शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली भेज दिया।

### चोर निगम कॉम्प्लेक्स कार्यालय से ले उड़े स्कूटी

**अम्बिकापुर।** फुन्दुरडिहारी शांतिपारा निवासी राजेश ठाकुर आ. स्व. सुरेश ठाकुर (43 वर्ष) गत दिन दोपहर लगभग 2.30 बजे निगम कॉम्प्लेक्स कार्यालय स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीई 0135 से आया था। स्कूटी को खड़ा कर अंदर चला गया और कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### तीन करोड़ जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे: साय

# मुख्यमंत्री को जशपुर की दीदियों ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह ग्राम बगिया कैम्प कार्यालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित दीदीयों ने राखी बांधकर आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री आवास योजना,महतारी वंदन योजना से लाभान्वित दीदीयां आंगनबाड़ी, कार्यकर्ता सहायिका, और मितानिन स्व सहायता समूह की दीदियों ने राखी बांधी मुख्यमंत्री ने सभी दीदियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का पवित्र त्योहार भाई और बहनों की आपसी रिश्तों और प्रतीक का त्योहार है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार के पर्व पर भाई बहनों की रक्षा का संकल्प लेती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के लगभग तीन करोड़ की जनता का आशीर्वाद हमेशा बना रहे और हम उनके विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा मोदी जी की गारंटी को पूरा कर रहे हैं मोदी की गारंटी का मतलब वादा पूरा होने की गारंटी । मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी , उद्यान कालेज, 200 बिस्तरों का अस्पताल, और बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के कुनकुरी विकास खंड के हर्राडांड में प्रदेश का पांचवां पावर प्लांट स्टेशन बनाने की भी स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा की जशपुर के विकास के लिए किसी भी प्रकार की बांधा नहीं आएगी। इस अवसर उपेन्द्र यादव, सुनील गुप्ता सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा आईजी दीपक कुमार झा,जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की दीदीयां और लाभान्वित हितग्राही महिलाएं उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री को राखी बांधती जशपुर की दीदी।


ई-रिक्शा में सफर करते मुख्यमंत्री साय।

## मुख्यमंत्री ने नए जशपुर एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के दिन मुख्यमंत्री निवास बगिया में नए जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ कर बिहान योजना से जुड़ी 12 दीदियों को राखी का उपहारस्वरूप ई-रिक्शा

भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिला गिलसोनिका पाण्डे की ई-रिक्शा पर बैठकर बगिया निवास परिसर में सफर भी किया। ई-रिक्शा पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है, इसकी परिचालन लागत भी कम होती है। इसके माध्यम से महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में भी अपनी भूमिका निभा सकेंगी। यह महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी और वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर पाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन की ⏭ शेष पेज 4 पर

- छत्तीसगढ़ के सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### महिलाएं जिले के इस रूट पर ई-रिक्शा का करेंगी परिचालन

फरसाबहार में प्रतिमा भगत द्वारा फरसाबहार -कन्दईबहार- अमडीहा-तपकरा मार्ग पर परिचालन किया जाएगा। इसी तरह मदनावती द्वारा लवाकेरा- अमडीहा- पुराईनबंध-समडमा -तपकरा मार्ग पर, राजकुमारी पैंकरा द्वारा तपकरा- कन्दईबहार-तुबा- फरसाबहार मार्ग पर उर्मिला भगत खुटगांव- सिंगीबहार-साजबहार- तपकरा मार्ग पर परिचालन करेंगी। दुलदुला में बिंदेश्वरी देवी द्वारा कोसा-दुलदुला-विपतपुर -छेरडांड पर परिचालन किया जाएगा। इसी तरह पार्वती साय द्वारा कोसा- दुलदुला-पतराटोली-लोरो-बम्हनी मार्ग पर, संगीता देवी द्वारा छेरडांड- लोरो-बम्हनी-कस्तुरा मार्ग पर और बिमला देवी छेरडांड-दुलदुला-लोरो- पतराटोली मार्ग पर परिचालन करेंगी। कांसाबेल में गिलसोनिका पाण्डे द्वारा टांगरगांव- हथगडा-कांसाबेल मार्ग पर परिचालन किया जाएगा। इसी तरह तियासो पैंकरा द्वारा बांसबहार- दोकडा-पुसरा-खुंटीटोली -कांसाबेल मार्ग पर नीता रवानी द्वारा कटंगखार-दोकडा- बन्दरचुंआ-कांसाबेल मार्ग पर और अंगावती बाई देवरी- दोकडा-छाताबर- कांसाबेल मार्ग पर परिचालन करेंगी।

## बच्चों ने पेड़ों और जवानों को राखी बांधकर दिया संदेश

देव पब्लिक स्कूल एवं डी पी एस प्राइमरी बालाजी, जशपुर में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात स्कूल उप प्राचार्य एरिक सोरेंग ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन आदिवासी समुदाय की संस्कृति, परंपरा एवं उनके अधिकारों के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में इस दिन का विशेष महत्व है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी नृत्य, गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आदिवासी जीवनशैली, उनकी लोककथाएं, परंपराएं तथा प्रकृति के प्रति उनका जुड़ाव अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। इसी के साथ, रक्षाबंधन पर्व को भी विद्यालय में पारंपरिक उत्साह एवं प्रेमभाव से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना की। छात्रों ने रक्षा सूत्र बांधते हुए समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के रिश्ते की सुंदर झलक प्रस्तुत की। विद्यालय की ओर से एक विशेष 'राखी मेकिंग प्रतियोगिता' ' का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियां और चित्रकारी ने सभी का ध्यान आकर्षित कर गईं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जयंती सिन्हा ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृति के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित होती है। आज के दिन विद्यालय के नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चे एक राखी पेड़ के नाम लगाकर जशपुर थाना एवं जशपुर पोस्ट ऑफिस में जाकर सभी कर्मचारियों को राखी बांध उन्हें शुभकामनाएं दिया और उनके साथ समय बिताया । विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती सुनीता सिन्हा ने कहा कि यह पहल है बच्चों को समाज के सभी वर्गों के साथ जोड़ने का ताकि बच्चों के अंदर सद्भावना का विकास हो । विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि यह संयुक्त आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव बनकर उभरा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का एक सुंदर अवसर भी है ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्होंने सभी को राखी और आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


जवान को राखी बांधती छात्रा।

## शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रेम प्रसंग में शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के गंभीर मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। यह मामला चौकी कोल्हेनझरिया क्षेत्रांतर्गत का है, जिसमें पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376 भा.दं.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

- कोल्हेनझरिया क्षेत्र का मामला, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर भेजा जेल

**3 साल पहले शुरू हुआ था संबंध**

पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी संकेत साय (22 वर्ष) अपने रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच जान-पहचान हुई और बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। 28 जुलाई 2021 को आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह उससे प्रेम करता है और शादी करेगा, इस भरोसे में लेकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाए।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### शादी का वादा, फिर संपर्क तोड़ दिया

पीड़िता ने आगे बताया कि 9 जून 2024 को आरोपी ने उसे पत्नी बनाकर रखने की बात कहकर अपने घर ले जाकर रखा। लेकिन जुलाई 2024 में वह काम करने के बहाने केरल और गोवा चला गया और वहां से उसने पीड़िता से बातचीत करना बंद कर दिया। जब पीड़िता ने आरोपी के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की। गांव लौटने पर जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव डाला, तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया।

### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस महिलाओं से जुड़े अपराधों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। शादी का झांसा देकर युवती का शोषण करने जैसे मामलों में कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक से मारपीट, काम ठप

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ सहकारी बैंक में पदस्थ शाखा प्रबंधक से मारपीट की गई। प्रबंधक के कक्ष में घुसकर ग्राहक ने पिटाई कर दी। इस घटना के बाद आक्रोशित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संघ के कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान दोपहर 1 बजे तक संभाग के सभी सहकारी बैंक बंद रहे। दोपहर में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया जिसके बाद कर्मचारी हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस लौटे। बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम हर्राटिकरा निवासी 56 वर्षीय विजय यादव आ. स्व. दुबराज यादव जिला सहकारी बैंक के शंकरगढ़ शाखा में प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। विजय यादव 7 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे कार्यालय में बैठकर काम कर रहे थे। इस दौरान शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी 45 वर्षीय संतोष कुमार यादव आ. स्व. शिव मंगल प्रसाद यादव बैंक में आया हुआ था और अपने लोन के बारे में पूछताछ करने लगा। जब बैंक मैनेजर संतोष कुमार को उसके लोन के बारे में बता रहे थे तो युवक ने कहा कि वह लोन के बारे में नहीं जानता और मेरा पैसा वापस करो।






### स्वच्छ, हरित और एकजुट जशपुर का प्रतीक बनकर सामने आ रहा

## स्वच्छ भारत मिशन और हर घर तिरंगा अभियान का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देशभक्ति और स्वच्छता का अद्भुत संगम जशपुर जिले में देखने को मिल रहा है। ज़िला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन को हर घर तिरंगा अभियान 2025 के साथ जोड़ते हुए एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है, साथ ही स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है।

- स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी को बढ़ावा

कलेक्टर रोहित व्यास से अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण हमारे राष्ट्र के गर्व को दर्शाता है, जैसे तिरंगा हमारी एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस अवसर पर नगरपालिकाओं, पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, अधिकारी कर्मचारियों और नागरिकों से घर-घर जाकर जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लिया। अभियान के तहत कचरे का अलग-अलग प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र और सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि जिला न केवल राष्ट्रीय भावना का उत्सव मना सके, बल्कि स्थायी स्वच्छता के संकल्प को भी मज़बूत कर सके। हर घर तिरंगा अभियान का समापन 15 अगस्त 2025 को होगा, जब हर घर, कार्यालय और सार्वजनिक भवन पर तिरंगा लहराएगा—एक स्वच्छ, हरित और एकजुट जशपुर का प्रतीक बनकर।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में कार्यशाला सम्पन्न भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान आगामी 10 अगस्त से आरंभ होगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता आमजनों को जोड़ कर शहर से लेकर गांव तक तिरंगा यात्रा निकालेंगे और घर घर तिरंगा लगाने लोगों को प्रेरित करेंगे। प्रत्येक बूथ में 50 घरों में तिरंगा लगाने का लक्ष्य भाजपा ने निर्धारित किया है।


साफ-सफाई अभियान में जुटी स्वच्छता दीदी।

## खबर संक्षेप



### रेजिमेंट के जवानों को स्काउट कमिशनर की अगुवाई में बांधी राखियां

**बिश्रामपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से एक दिन पूर्व बिश्रामपुर आरटीआई कॉलोनी स्थित त्रिपुरा रेजिमेंट में सुरजपुर स्काउट कमिश्नर व डीईओ भारती वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों का एक दल सैनिकों के बीच पहुंचकर जवानों को राखी बांधी। यहाँ पर स्काउट कमिश्नर व डीईओ भारती वर्मा ने कहा कि हम वीर जवानों को राखी बांधकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, जो हमारे देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए हर पल तत्पर रहते हैं।यह त्योहार सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं,बल्कि यह उन सभी रिश्तों की रक्षा का संकल्प है,जहां स्नेह और कर्तव्य की भावना हो।बच्चों ने भी हाथों में रंग-बिरंगी राखियां लेकर जवानों को बांधीं।इस दौरान जवानों ने कहा कि इस तरह का स्नेह और सहयोग हमें अपनी जिम्मेदारी को और मजबूती से निभाने की प्रेरणा देता है।

### शिशु मंदिर में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**बलरामपुर।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। एक साथ कतार में बैठकर बहनों ने भाइयों को राखी बांधी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में



प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय चंद्रशेखर गुप्ता व विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक ने रक्षा बंधन त्योहार का महत्व के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर चंद्र शेखर गुप्ता ने रक्षाबंधन के पवित्र पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि रक्षा सूत्र का यह त्यौहार सिर्फ भाई-बहन तक ही सीमित नहीं है। यह मां भारती और राष्ट्र के लिए जीने-मरने के संकल्प का भी बोध कराता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के आचार्य दीदी, राम बरत सिंह, पुष्पेंद्र द्विवेदी, पुष्पा टंडन, देवेश नारायण सिंह, प्रभंजन बैरागी, अर्जुन मंडल, संजीत सिंह, विनय सिंह, चेतनारायण सिंह, सोसन, मनिता बाई, चंद्रकिरण सिंह, निरूपा गुप्ता, संतोषी, अर्चना, अंजुला तिर्की, सुभाषितानी सहित अन्य मौजूद थे।

### स्कूली छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी



सूरजपुर। रक्षाबंधन का पर्व सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों का जीवंत उत्सव है। इसी भावना को साधुराम विद्या मंदिर स्कूल की छात्राओं ने साकार किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा बहनों ने पुलिस अधिकारियों को साखी बांधकर यह एहसास कराया कि हम अपनों से दूर नहीं है। शुक्रवार को एसआरव्हीएम के स्कूली छात्राएं थाना पहुंची और थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने राखी बांधने के साथ ही आरती उतारी और तिलक कर अधिकारियों के प्रति आदर भाव प्रकट किया। उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने नन्हीं बहनों को कहा कि हम आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है, आपको कभी भी कोई भी समस्या हो तो हमें याद कर सूचित करें हम फौरन वहां पहुंचेंगे, आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए थाना का भ्रमण कराया और सुरक्षा उपकरणों, ऑनलाइन एफआईआर, शस्त्रागार एवं वायरलेस सेट अपडेट करने के बारे में जानकारी दी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि छात्राएं केवल शिक्षा नहीं, संस्कारों और सामाजिक कर्तव्यों से भी परिपूर्ण हैं। पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर प्रेम, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक प्रस्तुत किया है, हम सभी यह एहसास कराया है कि हम अपनों से दूर नहीं है।

### कोरिया में ओबीसी महासभा ने मनाया मंडल दिवस

**बैकुण्ठपुर।** ओबीसी महासभा जिला कोरिया द्वारा 7 अगस्त को खरवत दुर्गा परिसर में मंडल दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि इसी दिन 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार ने बीपी मंडल आयोग की सिफारिश को मान्यता देते हुए सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी, तभी से यह दिवस ओबीसी समाज द्वारा स्मरणीय रूप से मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत बीपी मंडल के चित्र पर अगरबत्ती प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण से हुई। उपस्थित लोगों ने बीपी मंडल अमर रहे। ओबीसी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन करते हुए जिला महासचिव ईश्वर दयाल राजवाड़े ने मंडल के जीवन, संघर्ष और ओबीसी समाज के अधिकारों के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संभागीय उपाध्यक्ष गणेश राजवाड़े, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े, जिला सचिव आनंद राजवाड़े, पनिका समाज के संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन सहित काफी संख्या में समाज उपस्थित रहे।

## लोगों की सुविधा के लिए पुराने सुलभ शौचालय का किया गया जीर्णोद्धार

# पुराना बस स्टैंड स्थित नए व पुराने सुलभ शौचालय में लटका ताला, लोगों को हो रही परेशानी




पुराना बस स्टैण्ड में मरम्मत किया गया पुराना शौचालय।



पुराना बस स्टैण्ड में नवनिर्मित शौचालय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को लेकर न सिर्फ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है बल्कि उन्हें शौचालय का उपयोग करने की बात कही जाती है। इसके मद्देनजर शहर में कई जगह सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिसका उपयोग शहर के लोग करते है।हैरानी की बात तो यह है कि शहर के बीच पुराना बस स्टैंड में दो सुलभ शौचालय है लेकिन उसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। आलम यह है कि दोनों शौचालय में महीनों से ताला जड़ा है जिससे आसपास के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के पुराना बस स्टैंड जहां से बस स्टैंड को कुछ साल पूर्व ही प्रतीक्षा बस स्टैंड में शिफ्ट किया गया है। ऐसे में आज भी पुराना बस स्टैंड में पूर्व की भांति विभिन्न दुकान व होटल संचालित है और लोगों की भीड़ होती है। पुराने बस स्टैंड में यात्री बसों के संचालित होने के दौरान एक बड़ा सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया था जिसका उपयोग यात्री सहित आसपास के लोग उपयोग करते थे। बस स्टैंड रिंग रोड स्थित अंतर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड में शिफ्ट हो जाने से शौचालय का सही तरीके से देखरेख नहीं होने से जर्जर हो गई। शौचालय के जीण क्षीण हो जाने तथा लोगों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर पास ही लाखों की लागत से दूसरे नया शौचालय का निर्माण कराया गया साथ ही पुराने शौचालय का जीर्णोद्धार कर व्यवस्थित बनाया गया।

हैरानी की बात तो यह है कि पुराना बस स्टैंड में अब दो सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो गई है लेकिन दोनों शौचालय में महीनों से ताला लटका हुआ है। लोगों की सुविधा के लिए एक भी शौचालय को शुरू नहीं किया गया है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का कहना है कि पुराना बस स्टैंड में अब दो सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो गई है लेकिन दोनों शौचालय महीनों से बंद होने से काफी परेशानी होती है। अगर एक शौचालय को भी शुरू कर दिया जाता तो काफी हद तक लोगों को राहत मिलती। दोनों शौचालय के बंद होने के कारण पुराना बस स्टैंड स्थित दुकान संचालक सहित कर्मचारियों को शौचालय के लिए प्रतीक्षा बस स्टैंड जाना पड़ता है। पुराना बस स्टैंड क्षेत्र के लोगों ने कम से कम एक शौचालय को शुरू करने की मांग है।

**खास बात**

- लाखों की लागत से पास ही एक नया शौचालय का किया गया है निर्माण

**महिलाओं को होती है परेशानी**

शौचालय के बंद होने से महिला को शौचालय जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुरुष किसी तरह इधर उधर जाकर बाथरूम एवं शौच करते है लेकिन महिलाएं खुले में नहीं जा सकती जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है। जबकि पुराना बस स्टैंड में एसएलआरएम सेंटर है जहां स्वच्छता दीदियों को भी काफी दिक्कत होती है। कई बार तो खुले में जाने के कारण महिलाओं को छींटाकशी का भी सामना करना पड़ता है।

**लोगों की रहती है भीड़**

पुराना बस स्टैंड समीप न सिर्फ बड़ी संख्या में दुकान संचालित है बल्कि पास ही निजी अस्पताल, मुख्य डाकघर है जहां हर रोज लोगों की भीड़ होती है। ऐसे में किसी को शौचालय की आवश्यकता हुई तो पुराना बस स्टैंड स्थित दोनों शौचालय के बंद होने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में लोग खुले में या प्रतीक्षा बस स्टैंड जाने को मजबूर हो जाते है।

**जल्द करेंगे शुरू**

पुराना बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय के जीर्णशीर्ण होने कारण नए सिरे से मरम्मत किया गया है। जल्द ही सुलभ शौचालय को लोगों के उपयोग के लिए शुरू करेंगे।

-मंजूषा भगत, महापौर



# पीएम सूर्यघर योजना से घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा मार्च 2019 से विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हॉफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 400 यूनिट मासिक छूट की सीमा में संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी का दावा है कि सरकार के इस निर्णय से जिले के 78 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वर्तमान में जिले में लगभग 1 लाख 19 हजार 960 घरेलू बिजली उपभोक्ता बीपीएल एवं घरेलू है. इनमें से 94 हजार 100 उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी मासिक खपत 100 यूनिट से कम हैं जो सामान्यतः बीपीएल उपभोक्ता हैं। सिर्फ 22 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका मासिक बिजली खपत 100 यूनिट से अधिक है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संचालित की जा रही है, जिसका लाभ बिजली उत्पादक उपभोक्ता, विक्रेता भी बन सकते हैं और अच्छी कमाई कर सकते हैं।

जिले के कार्यपालन अभियंता बसंत सोम ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सौर ऊर्जा का यूनिट स्थापित कर उपभोक्ता विद्युत का उत्पादन कर सकते हैं। विद्युत ऊर्जा जनरेशन के लिए सामान्य मीटर एवं विद्युत का एक्सपोर्ट-इंपोर्ट आंकलन के लिए स्मार्ट मीटर को विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया जाता है। सौर ऊर्जा से प्राप्त बिजली का उपयोग उपभोक्ता द्वारा किया जा सकता है, एवं उपयोग के बाद शेष बचत बिजली सीधे विद्युत ग्रिड में पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत केंन्द्र सरकार द्वारा 3 किलोवाट, यूनिट के स्थापना पर 78 हजार एवं राज्य सरकार भी 30 हजार की छूट दे रही है, जिससे सब्सिडी की राशि बढ़कर 1.08 लाख रूपये पहुंच गई है। 3 किलो वाट के सोलर प्लांट पर प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट तक बिजली का उत्पादन कर सकते हैं, जो कि हॉफ बिजली योजना से मिलने वाली अधिकतम छूट 400 यूनिट पर 200 यूनिट रियायत से भी ज्यादा है। शासन द्वारा योजना के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है। इस योजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही विद्युत उत्पादन में हो रहे कोयला की खपत में भी कमी लाया जा सकता है। योजनान्तर्गत जिले में 6 घरेलू उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सौर संयंत्र लगाया गया है एवं 6 प्रक्रियाधीन है। व्यावसायिक उपयोग उपभोक्ता के लिए योजनान्तर्गत सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है इसके बावजूद जिले में 2 व्यवसायिक संस्थानों ने सौर ऊर्जा लगाकर पर्याप्त बिजली का उपयोग कर रहे हैं एवं बथत विद्युत ऊर्जा को ग्रिड में दे रहे हैं।

- छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को राहत हॉफ बिजली योजना में संशोधन

# बिस्तर पर सो रहा युवक जिंदा जला रायपुर ले जाते समय तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम मानी में बुधवार की तड़के में उस समय सनसनी फैल गई जब गहरी नींद में सो रहे युवक की बिस्तर में अचानक आग लग गई जिससे युवक आग में बुरी तरह झुलस गया। परिजन युवक को सूरजपुर प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर लेकर जा रहे थे तभी बिलासपुर पहुंचते उसकी मौत हो गई।

जानकारी अनुसार ग्राम मानी निवासी सोपाड़ी लाल राजवाड़े आ. राजा राम राजवाड़े (40 वर्ष) रोजाना की भांति मंगलवार की रात भोजन कर अपने कमरे में सो गया और बुधवार की तड़के लगभग 3-4 बजे उठकर टहलने गया और फिर वापस आकर बिस्तर में आकर सो गया। इसी बीच जब पत्नी 5 बजे उठकर शौचालय गई उसी समय अचानक बिस्तर में आग गई। इधर पूरे बिस्तर में आग पकड़ लिया जिससे युवक को उठकर भागने तक का मौका नहीं मिला। आग की चपेट में आने से युवक शोर मचाते हुए बाहर निकला और जमीन में लेट कर किसी तरह आग बुझाई तब तक युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। घटना को देख आसपास के लोगों के होश उड़ गए। पड़ोसियों ने तत्काल निजी वाहन से युवक को सूरजपुर निजी अस्पताल में में दाखिला कराया लेकिन युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने तत्काल अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर अंबिकापुर पहुंचे जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे रायपुर ले कर जा रहे थे तभी बिलासपुर में उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ जाने परिजन उसे बिलासपुर हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर वापस सूरजपुर पहुंच जहां पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल पर फॉरेंसिक जांच कर भौतिक साक्ष्य जब्त किया है।

- संदिग्ध हालत में बिस्तर में लगी आग, जांच में जुटी पुलिस



जले बिस्तर, इनसेट में मृतक।

**आग कैसे लगी किसी को नहीं चला पता**

तड़क युवक के बिस्तर में आग लगने तथा युवक के गंभीर रूप से झुलस जाने से उसकी मौत हो गई। इधर बिस्तर में कैसे आग लगी इसका पता परिजन को भी नहीं है। जबकि बिस्तर के पास न तो डिबरी या कोई ज्वनशील सामान था। मात्र एक टेबल फेन तो वह भी बिस्तर से दूर था। बहरहाल मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने परिजन को जांच उपरांत आग लगने की वजह स्पष्ट होने का आश्वासन दिया है।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, जनप्रतिनिधियों ने रास्ता खाली कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली में तहसील कार्यालय के समीप शासकीय भूमि में अतिक्रमण का मामला सामने आया है जहां अतिक्रमण करने की होड़ में रास्ता पर ही अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच दीपेश्वरी सिंह, उप सरपंच राजकुमारी पाल के अगुवाई में थाने में ज्ञापन सौंपा तथा रास्ता खाली कराने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि अभी हाल ही में ग्राम पंचायत कुनकुरी के शांतिपारा में ग्राम पंचायत द्वारा शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा आ. स्व. हरकनाथ मिश्रा को नोटिस थमाया गया था जिसमें



पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के आने जाने आम लोगों को रास्ते में आवागमन करने में कठिनाई को देखते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा को कहा गया था इसके बावजूद जबरदस्ती शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने अवैध निर्माण जारी रखा गया जिससे ग्राम पंचायत के ग्रामीण उग्र होकर सरपंच दीपेश्वरी सिंह के अगुवाई में थाने पहुंच शंकर मिश्रा एवं बिहारी मिश्रा के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा गया है।

इस संबंध में सरपंच दीपेश्वरी सिंह ने बताया कि बार बार मना करने के बाद भी अतिक्रमण किया जा रहा। इस संबंध में तहसील कार्यालय में भी आवेदन दिया गया लेकिन कोई करवाई नहीं की गई है जिससे शंकर मिश्रा द्वारा जबरदस्ती शासकीय भूमि में निर्माण किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण से रास्ता बंद हो जाएगा साथ बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी प्रभावित होगा अभी थाने में ज्ञापन सौंपा गया है इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा

### हर घर तिरंगा, अभियान का शुभारंभ

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव अंतर्गत स्वच्छता के संग अभियान का प्रथम दिवस आज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में उत्साह पूर्वक मनाया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान एवं स्वच्छता वॉक का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पंच, जनप्रतिनिधि, स्वेच्छाग्रही दीदियां एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस श्रमदान में सार्वजनिक स्थलों, सड़क मार्गों एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

# आदिवासी दिवस व रक्षा बंधन को लेकर विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

माउंट लिट्रा स्कूल में आज विश्व आदिवासी दिवस व रक्षाबंधन" के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व श्रीमती प्रियंका चौबे रही। साथ ही विद्यालय के निर्देशक प्रतीक दीक्षित सर की उपस्थिति कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

मुख्य अतिथि महापौर का परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके सामाजिक योगदान और प्रेरणादायक कार्यों को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन के महत्व पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के स्थानीय



आदिवासी समुदाय के विषय में जानकारी दी तथा उनकी विशेषताओं से अवगत कराया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सदैव प्रयासरत रहेंगे कि बच्चों को उनकी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखें। समारोह को सफल बनाने में प्रभारी श्रीमती संध्या एक्का , अर्चना कुजुर, निधि टोप्पो , रवि शर्मा, जय किशन व सभी शिक्षकों सक्रिय रहे।

# भाजपा मंडल रामगढ़ एवं देवगढ़ की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर-घर तिरंगा – हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा मंडल रामगढ़ और देवगढ़ की संयुक्त बैठक हुई। बैठक को जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में उत्साह और गौरव का प्रतीक बन चुका है। उनकी मन की बात से प्रेरणा लेकर यह अभियान देशवासियों के दिल में जोश भर रहा है। हर कोई इसमें भाग ले रहा है। हमें भी जिले के हर घर पर तिरंगा फहराना है, जिससे आजादी के अमृत महोत्सव में हमारा जिला अग्रणी भूमिका निभा सके।

उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें उन लाखों लोगों के बलिदान और पीड़ा की याद दिलाता है, जिन्होंने देश के विभाजन के समय अपना सब कुछ खो दिया लेकिन भारत माता की एकता और



बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

सम्मान को बनाए रखा। प्रभारी दिनेश साहू ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हम सभी के दिल से जुड़ा है। आने वाले समय दिनों में 10 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा, 12 से 14 अगस्त तक स्वच्छता अभियान, शहीदों के स्मारकों पर पुष्पांजलि, सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों का सम्मान और 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के कार्यक्रम पूरी ऊर्जा से संपन्न किए जाएंगे। संवाद प्रमुख रूपेश दुबे ने कहा कि हमें हर घर तिरंगा अभियान को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है। मंडल अध्यक्ष अखण्ड विधायक सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की विशेष भूमिका रहेगी। इस दौरान गांव-गांव जाकर लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष प्रबोध मिंज ने कहा कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, स्वतंत्रता संग्राम और युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि, सैनिकों का सम्मान तथा 14 अगस्त को मौन जुलूस और प्रदर्शनी का अयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त की शाम को तिरंगे का सामूहिक उत्सव मनाकर इसे ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। बैठक में अनिल सिंह, सत्यनारायण सिंह, दिनेश यादव, कमलेश जायसवाल, अनिल प्रताप सिंह, कल्पना यादव, राधा रवि, मुन्ना सिंह, अर्जुन सिंह, दीपक सिंघल, मनीष बंसल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़क पर पड़े शव को बचाने के चक्कर में टकराए ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

मोरन चौक के पास सड़क पर पड़े शव को बचाने के चक्कर में दो ट्रकों के बीच भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और राजमार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही आवागमन शुरू कराया गया। मृतक के शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

बताया जा रहा है कि अम्बिकपुर-बनारस मार्ग पर मोरन चौक भैंसा मुंडा के समीप बीती रात अज्ञात वाहन का चालक 30 से 32 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया था। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव रातभर सड़क पर ही पड़ा हुआ था। इस दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग 7 बजे एक ट्रक अंबिकापुर की ओर से आ रहा था जबकि दूसरा ट्रक बनारस की तरफ से आ रहा था। भैंसा मुंडा के सामीप अंबिकापुर की ओर से आ रहे ट्रक ने सड़क पर शव देखा और शव को कुचलने से बचाने के लिए वाहन को दूसरी तरफ मोड़ दिया इसी समय बनारस की तरफ से आ रहे ट्रक से उसकी भिडंत हो गई। ट्रकों के बीच हुई भिंडत के बाद दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक चालक वाहन में ही फंस गए। घटना के बाद अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।



# ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में शामिल हुए हिमेश रेशमिया

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और सिंगर हिमेश रेशमिया ने ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में 22वां स्थान हासिल कर पहली बार भारतीय कलाकार के रूप में इतिहास रच दिया है। यह भारतीय संगीत के लिए गर्व का पल है। इस लिस्ट में पोस्ट मेलोन, ब्रूनो मार्स और बेयोंसे जैसे कई बड़े पॉप स्टार्स का नाम शामिल है। हिमेश का यह मुकाम उनकी 20 साल से ज्यादा की मेहनत और लोकप्रियता का सबूत है। उनके गाने आज भी दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। इस लिस्ट में बिली इलिश, एड शीरन और लेडी गागा जैसे सितारों के साथ उनका नाम भारतीय पॉप संस्कृति की बढ़ती वैश्विक पहचान को दिखाता है। ब्लूमबर्ग की इस रैंकिंग के लिए 1.2 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। दुनिया भर के प्रशंसकों ने वीवर्स प्लेटफॉर्म पर वोट देकर चुना कि कौन इस सूची में रहेगा।

लाइफ Style



# प्रीति
## किसी को भी डरने की जरूरत नहीं

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' आखिर शुक्रवार 8 अगस्त को रिलीज हो रही है। कन्हैया लाल हत्याकांड पर बनी यह फिल्म शुरुआत से विवादों में है। अब जब सिनेमाघरों में पहुंच रही है तो इसकी अदाकारा प्रीति झंगियानी ने प्रतिक्रिया दी है। कई बाधाओं का सामना करने के बाद फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' को आखिरकार हरी झंडी मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रिलीज से गुरुवार रात मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' में विजय राज, प्रीति झंगियानी, कमलेश सावंत और मुश्ताक खान जैसे सितारे हैं। स्क्रीनिंग में शामिल हुईं प्रीति झंगियानी ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। किसी को भी सच बोलने से डरना नहीं चाहिए। मेरा मानना है कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है। इसमें इंसानी स्वभाव और हकीकत को दिखाया गया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि किसी को कोई आपत्ति होनी चाहिए। फिल्म देखें और फिर कोई राय बनाएं'। यह फिल्म राजस्थान के उदयपुर में हुए बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित है। साल 2022 में टेलर कन्हैयालाल की हत्या की गई थी। कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसके बाद उनकी दुकान में उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। इस फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है। उदयपुर फाइल्स' को दर्शक दिल छूने वाली फिल्म बता रहे हैं। इस फिल्म को देखकर दर्शक भावुक हो गए।

## हॉलीवुड मसाला



# रॉबर्ट बेंटन ने अमेरिकी सेना में दी थी सेवा

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने क्रेमर वर्सेज क्रेमर और प्लेसेस इन द हार्ट जैसी फिल्मों के लिए लेखक-निर्देशक रूप में काम किया। रॉबर्ट बेंटन ने टेक्सास विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय से अध्ययन किया। इसके बाद वह 1954 से 1956 तक अमेरिकी सेना में रहें। बेंटन ने ग्लोरिया स्टीनम को डेट किया, जो उस समय हास्य पत्रिका हेल्प में कर्मचारी थीं। इसके बाद उन्होंने 1964 में कलाकार सैली रेंडिग्स से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा है। निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने अपने कॅरियर में शानदार काम किया। उन्होंने छह ऑस्कर नामांकन प्राप्त किए। छह में से तीन बार उन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता, जिसमें क्रेमर वर्सेज क्रेमर लिखने और निर्देशित करने के लिए और प्लेसेस इन द हार्ट लिखने के लिए प्राप्त किया।



# ब्रैड पिट ने पहली फिल्म में की थी गलती, हुआ था शर्मिंदा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को अपनी पहली ही फिल्म के सेट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एक्टर ने फिल्म के सेट पर हुए एक वाकये को याद किया। पिट ने बताया कि उन्हें वहां से निकाल दिया गया था। साल 1987 में आई फिल्म नो मैन्स लैंड में उन्होंने वेटर की भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्हें बिना क्रेडिट के काम करना था। एक्टर ने बताया कि स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड का कार्ड पाने की कोशिश में उन्होंने सीन के दौरान अचानक एक डायलॉग बोल दिया, जिससे सेट पर हंगामा मच गया था। उन्होंने बताया, 'एक रेस्ट्रॉन्ट का सीन था, जिसमें चार्ली शीन और डीबी, स्वीनी लीड रोल में थे। मैं वेटर था और मुझे सिर्फ शैंपेन लाकर डालना था। मुझे बताया गया कि बोतल को कैसे पकड़ना, खोलना और पोंछना है। लेकिन, मौके का फायदा उठाते हुए मैंने एक्ट्रेस के लिए शैंपेन डालते समय पूछ लिया- क्या आप कुछ और लेना चाहेंगी? ये सुनते ही डायरेक्टर चिल्लाए कट! कट! कट।' ब्रैड पिट ने हंसते हुए कहा, 'पहला असिस्टेंट डायरेक्टर दौड़कर आया और बोला- तुमने फिर से ऐसा किया, तुम बाहर हो जाओ! उस रात मैं बहुत शर्मिंदा हुआ।'



# पति को छपरी कहे जाने पर भड़कीं स्वरा

**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर काफी मुखर हैं। वह अक्सर अपने बेबाक लहजे के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने उस व्यक्ति को खरी-खोटी सुना दी, जिन्होंने एक्स पर उनके पति फहाद अहमद को मजाक में छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कहा। अभिनेत्री फहाद के साथ रियलिटी शो पति-पत्नी और पंगा में दिखाई दी थीं। स्वरा भास्कर ने एक्स पर यूजर की प्रोफाइल को हाइलाइट करने के लिए दो स्क्रीनशॉट शेयर किए। इस पोस्ट में लिखा था 'परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टॉक शो में ले जाते देखकर, स्वरा ने भी ऐसा ही करने का सोचा। वह अपने डोंगरी के छपरी पति को एक रियलिटी शो में ले गईं। पीआर तो छोड़िए, उनके पति डोंगरी के किसी रेहड़ी वाले जैसे लग रहे थे।' जवाब में, स्वरा ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'खुद को गौरवान्वित हिंदू और अंबेडकरवादी बताने वाला यह मूर्ख शायद यह नहीं जानता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है।



# निशानची में निभाएंगे दोहरी भूमिका

**मुंबई।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है। निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है। टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि 'बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए?'

## टीवी मसाला



# पहले हफ्ते में ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' बना नंबर वन सीरियल

**नई दिल्ली।** 30वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले हफ्ते सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से 25 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी की। दर्शकों ने पहले ही हफ्ते में स्मृति ईरानी के इस सीरियल का इतना प्यार दिया कि यह टीआरपी चार्ट में टॉप पर जगह बनाने में कामयाब हो गया। 25 साल बाद भी इस सीरियल का जादू महिला दर्शकों पर बरकरार है। 30वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट में दूसरे नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा है। इसकी टीआरपी भी 2.3 है। लेकिन, इस सीरियल के लिए अब मुश्किलें बढ़ चुकी हैं। दरअसल अनुपमा पिछले कुछ साल से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बन रहता था। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को तीसरा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, दो कॉमेडी सीरियल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शो लाफ्टर शेफ को लिस्ट में चौथा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा को पांचवां स्थान मिला है, इसको 1.9 की टीआरपी मिली है।

# मरने के बाद सजना-संवरना चाहते थे उल्टा चश्मा के नट्टू काका!

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले तन्मय वेकारिया ने नट्टू काका उर्फ घनश्याम नायक के बारे में कई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि नट्टू काका की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद भी उनका



मेकअप किया जाए, जिसे उनके परिवार ने अंतिम संस्कार के समय पूरा किया। पता चलने के बारे में बात की। 3 अक्टूबर, 2021 को कैंसर से इस दिग्गज अभिनेता के निधन की खबर सुनकर कलाकार और क्रू सदमे में आ गए थे। उस समय डेंगू से उबर रहे तन्मय वेकारिया ने कहा, यह खबर सुनकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। घनश्याम नायक की अंतिम इच्छा ने कई लोगों को प्रभावित किया। नट्टू काका अपने व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मरने के बाद भी सजते-संवरते रहने की इच्छा जताई थी। बागा उर्फ तन्मय वेकारिया ने आगे बताया कि कैसे घनश्याम नायक के परिवार ने उनके अंतिम संस्कार के समय इस दिग्गज अभिनेता की अंतिम इच्छा पूरी की।

# भीगी साड़ी गाने में दिखी जान्हवी-सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री



**मुंबई।** जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का आइकॉनिक रेन सीक्वेंस सॉन्ग 'भीगी साड़ी' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में जान्हवी और सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस को बेहद पसंद आ रही है। 'भीगी साड़ी' से अदनान सामी की बॉलीवुड संगीत में वापसी हो रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल की आवाज और अदनान सामी की संगीत में वापसी है। सचिन-जिगर ने संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं। यह गाना बॉलीवुड के क्लासिक बारिश वाले सीन की याद दिलाता है, जिसमें जान्हवी सफेद साड़ी और सिद्धार्थ सूती कमीज में नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री और डांस इस गाने को खास बनाते हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का गाना 'भीगी साड़ी' शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'अदनान सामी के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी। प्यार और जुनून से भरपूर, अदनान सामी की आवाज में पेश है। परमसुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।

# केरल में रजनीकांत की कुली के लिए दीवाने हैं लोग, ऑफलाइन टिकट लेने लगी भीड़



### वॉर 2 से होगा क्लैश

रजनीकांत की कुली का क्लैश ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 से होने वाला है। वॉर 2 को लेकर भी जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा दोनों में से कौन-सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार पाती है।


**नई दिल्ली।** रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर लोगों में बहुत क्रेज हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है और इसे लेकर क्रेज लोगों में देखने वाला है। कुली में रजनीकांत के साथ श्रुति हासन, नागार्जुन अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। साथ ही आमिर खान का चौंका देने वाला कैमियो है। विदेशों में तो कुली की एडवांस बुकिंग ओपन हो चुकी है और केरल में भी ये शुरू हो गई है। ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सेल भी जबरदस्त हो रही है। लोग ऑफलाइन फिल्म की टिकट लेने के लिए थिएटर में भीड़ लगा रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फैंस कुली की ऑफलाइन टिकट लेने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। जैसे ही ऑफलाइन बुकिंग ऑन होती है तो लोग थिएटर के अंदर टिकट लेने के लिए भागते हुए लेने आ रहे हैं। इसे देखकर लग रहा है कि लोग पहले दिन ही फिल्म को देख लेना चाहते हैं। लार्ज कैपिसिटी स्क्रीन वाली शोज हाउसफुल हो गए हैं और ऑफलाइन बिक्री में तेजी आ रही है। अभी तमिलनाडु और तेलुगु स्टेट में बुकिंग ओपन नहीं हुई है। वहां पर तो इससे भी ज्यादा देखने को मिलेगा। कुली की बात करें तो लंबे समय के बाद रजनीकांत का एक हटकर अंदाज देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर के बाद से ही रजनीकांत की खूब तारीफ हो रही है। अब फैंस को फिल्म रिलीज होने का इंतजार नहीं हो रहा है। कुली को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है।

## रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का है प्रतीक

# भाई-बहन के रिश्ते पर बनीं ये फिल्में देखकर छलक जाएंगी आंखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

आज रक्षाबंधन का त्योहार है। पूरे देश में ये त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये भाई और बहन का त्योहार है, जिसमें भाई को बहन रक्षा सूत्र बांधती है। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को वचन देते हैं। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का प्रतीक है। यह दिन हमें उस प्यार, सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव की याद दिलाता है जो भाई और बहन के बीच होता है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बन चुकी हैं। इन सभी फिल्मों में रक्षाबंधन पर गाने भी थे जो आज भी रक्षाबंधन पर बजाए जाते हैं। भाई-बहन के इस प्यार को फिल्मी पर्दे पर बड़ी शिद्दत से दिखाया जाता है। कोई भाई या बहन फिल्म देखे तो उसके आंखों से आंसू निकलना तो पक्का है। क्योंकि, उन फिल्मों की कहानी है ही इतनी इमोशनल।




### सिकंदर

राखी के त्योहार को फिल्मों में दिखाने की शुरुआत 1941 में आई फिल्म सिकंदर से हुई थी। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने सिकंदर की भूमिका निभाई थी। महबूब खान की फिल्म हुमायूं में भी इस त्यौहार को दिखाया गया था। हुमायूं में अशोक कुमार ने हुमायूं और वीना ने कर्णावती की भूमिका निभाई थी। इसके बाद तो फिल्मों में राखी का त्योहार दिखाने का सिलसिला ऐसा चला कि आज तक कायम है। कहा जाता है राखी की शुरुआत भी हुमायूं और कर्णावती के प्यार के बाद हुई थी।

### रेशम की डोरी

आत्माराम के निर्देशन में बनी 1974 में आई फिल्म रेशम की डोरी में भाई-बहन के बीच प्यार को बखूबी दिखाया गया। इस फिल्म में धर्मेंद्र और उनकी बहन के प्यार ने दर्शकों की आंखों में आंसू ला दिए और इस फिल्म का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है..' आज भी बड़ी शिद्दत से सुना जाता है।

### सरबजीत

2016 में आई ये फिल्म भी आप रक्षाबंधन में देख सकते हैं। ये फिल्म भी एक बहन की कहानी पर बनी है, जो अपने भाई को पाकिस्तान के जेल से वापस लाने की लड़ाई लड़ती है। इसे आप ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी देख सकते हैं।

### जिगरा

ये फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म में भाई और बहन के रिश्ते पर आधारित है। एक बहन अपने भाई को किस तरह से रक्षा करती है, इसमें देखने लायक है। आलिया के साथ इसमें वेदांग रैना भी हैं।



### हम साथ-साथ हैं

रिश्तों को बखूबी बयां करती फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' आज भी दर्शकों को खूब पसंद आती है। इस फिल्म में नीलम और उसके तीन भाइयों सलमान, सैफ और मोहनीश बहल के प्रेम को दर्शकों ने बेहद प्यार किया।

**जोश:** समय बदला तो भाई-बहन के प्यार का अंदाज भी बदला। अब फिल्मों में आधुनिकता आने लगी। जोश फिल्म में शाहरुख खान-ऐश्वर्या राय भाई-बहन के रोल में थे। फिल्म में शाहरुख अपनी बहन के प्यार के लिए विलेन बनते नजर आए।

**फिजा** : साल 2000 में आई फिल्म फिजा में ऋतिक और करिश्मा भाई बहन के किरदार में नजर आए। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे दंगों के बीच फिजा का भाई अमान गायब हो जाता है। फिजा अपने भाई की तलाश सालों तक करती है और आखिर में एक बहन का प्यार जीतता है और फिजा अमान को खोज लेती है।

**खबर संक्षेप**



## तिरंगा अभियान का मंडल भाजपा की बैठक

**घरघोड़ा।** भाजपा मंडल कुडुमकेला के ग्राम टेरम में आगामी 10 अगस्त से 15 अगस्त तक होने वाले ष्हर घर तिरंगाए घर-घर तिरंगाके तहत तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की आयोजित बैठक संम्पन हुई, जिसके मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सुनील ठाकुर द्वारा बताया गया कि हमारे मंडल के सभी बुथों पर सभी को साथ लेकर हर घर तिरंगा लगाकर, तिरंगा यात्रा निकाली जाए मंडल स्तर पर भी तिरंगा यात्रा सुनिश्चित की गई। जिसमें प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी शक्ती केंद्रों पर तिरंगा यात्रा प्रभारी बनाया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जगाना है। इस कार्यक्रम मंडल प्रभारी सुनील ठाकुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, साथ में पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश बेहरा, मंडल अध्यक्ष राजेश बेहरा, मंडल महामंत्री अभिराम गुप्ता, मंडल महामंत्री गगनसिंह राजपूत, जनपद पंचायत सदस्य, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सिरोत्तम चौहान, सह संयोजक निर्मला महंत सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकास बने विधायक लालजीत के प्रतिनिधि



**घरघोड़ा।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने जनसेवा और प्रशासनिक समन्वय को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वार्ड क्रमांक 8 नवापारा घरघोड़ा निवासी विकास मित्तल को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वर्षों से जमीनी स्तर पर सक्रिय विकास मित्तल सड़क, पानी, बिजली जैसी जनसमस्याओं को शासन तक पहुंचाने और समाधान कराने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि के रूप में वे अब पंचायत व राजस्व से जुड़ी प्रशासनिक बैठकों में अधिकृत रूप से भाग लेंगे। विधायक द्वारा रायगढ़ कलेक्टर को पत्र भेजकर इसकी सूचना दी गई है और विभागों को निर्देशित किया गया है। इस नियुक्ति को जनता के लिए एक मजबूत माध्यम और जनसंपर्क की नई पहचान के रूप में देखा जा रहा है।

## सीएम को संस्कृति गौरव सम्मेलन में आमंत्रण



**रायगढ़।** अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर उन्हें 14 अगस्त को धरमजयगढ़ में आयोजित संस्कृति गौरव महासम्मेलन में शामिल होने हेतु निमंत्रण सौंपा। यह कार्यक्रम स्वण कुमार दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति और योगदान को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने आयोजन के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और इसे संस्कृति संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश, दोषियों पर होगी कार्रवाई

# अब नहीं चलेगा अवैध निर्माण और राशन में गड़बड़ी, कलेक्टर ने सुनाया सख्त फरमान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़**

जिले में अवैध निर्माण, पीडीएस में गड़बड़ी और राजस्व प्रकरणों के निराकरण को लेकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अवैध निर्माण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

कलेक्टर ने रायगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, लैलूंगा और घरघोड़ा अनुविभागों में हो रहे या हो चुके अवैध निर्माणों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां कहीं भी नियमों का उल्लंघन कर निर्माण किया गया है, वहां नियमानुसार तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़े तो पुलिस प्रशासन की मदद लेकर अवैध निर्माण को हटाया जाए और नियमों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में सामने आई अनियमितताओं पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन दुकानों में खाद्यान्न की कमी या गड़बड़ी पाई गई है, उनसे वसूली की जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी न तो स्वीकार की जाएगी और न ही माफ की जाएगी।





### फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश

बैठक में एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों से कहा कि यह कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में किसानों को कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही खरीफ फसल सर्वेक्षण हेतु सर्वेयर चयन, सर्वे प्लान तैयार करने और गिरदावरी का कार्य तय समय में पूरा करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, श्री रवि राही सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करते हुए जनता के प्रति जवाबदेह रहने की बात कही।

### नामांतरण, सीमांकन जैसे मामलों का शीघ्र निराकरण जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि लंबित ई-कोर्ट प्रकरण, नामांतरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन आदि के निराकरण को प्राथमिकता दी जाए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का जल्द निराकरण हो और इनके व्यापक प्रचार-प्रसार से अधिकतम हितग्राहियों को लाभ मिले। बैठक में लीड बैंक, नजूल रिकॉर्ड, कोटवारी सेवा भूमि, स्वामित्व योजना, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, सड़क दुर्घटना मुआवजा और आरबीसी 6-4 के मामलों की भी समीक्षा की गई। सभी विषयों पर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



आदिवासी दिवस मनाते शिक्षक।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मनाया गया आदिवासी दिवस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन भगवान विरसामुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण के साथ हुआ। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर चारो हाऊस गंगा, ब्रम्हपुत्र, गोदावरी, तापी हाऊस के बीच विभिन्न कार्यक्रम क्विज, चित्रकला, निबंध, गायन,नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति आधारित गीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उपप्राचार्य व शिक्षकों के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम संचालन अंकित सिंह ने किया।

# बहनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को बांधी राखी, मिला स्नेह, आशीर्वाद



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली**

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जिला पंचायत सारंगढ़.बिलाईगढ़ में एक भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय को जिला पंचायत की महिला सदस्यों एवं बहनों ने राखी बांधकर उनके स्वस्थए सुखद एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

बहनों ने विधिवत रूप से तिलक लगाकरए आरती उतारी और राखी बांधी। पाण्डेय ने भी बहनों को उपहार भेंट की और उन्हें समाज में महिलाओं की भूमिका और सम्मान को सर्वोपरि बताते हुए भरोसा दिलाया कि वे सदैव बहनों की रक्षा, सम्मान और उत्थान के लिए तत्पर रहेंगे। पाण्डेय ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा यह पर्व न केवल भाई.बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि समाज में प्रेमए विश्वास और कर्तव्यबोध का भी संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को प्रसाद व मिठाई वितरण कर रक्षाबंधन का उत्सव पूर्ण गरिमा के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यगण, भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता, पत्रकार बंधु, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर रक्षाबंधन पर्व को भाईचारे, स्नेह और सामाजिक रूप में मनाया।

## छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता उत्सव में निकाली तिरंगा रैली



**सारंगढ़।** स्वतंत्रता के उत्सव पर देशभक्ति की भावना को जन.जन तक पहुंचाने और जनचेतना को राष्ट्र के प्रति सशक्त बनाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिररी बरमकेला के स्कूल से तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं, प्राचार्य एस आर बैरागी सहित शिक्षक आदि शामिल हुए। स्कूल से प्रारंभ होकर नगरीय निकाय और गांव के गलियों में छात्र छात्राओ ने अपनी आवाज की पूरी ताकत से भारत माता की जय नारा लगाकर देशभक्ति की भावना को स्कूल, गली, गांव और शहर के माहौल को भारतीय राष्ट्रीयता की भावना से भर दिया।

# सीईओ ने सचिवों के साथ ली पहली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर**



जनपद पंचायत पुसौर में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की परंपरा के तहत नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी ने 6 अगस्त बुधवार को जनपद के सभा कक्ष में अपनी पहली साप्ताहिक बैठक ली।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जनपद क्षेत्र की सभी 89 ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ-साथ मनरेगा, आरईएस विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अधोसंरचना निर्माण कार्य, प्राधिकरण योजना सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सीईओ गोस्वामी ने अधूरे व अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र आरंभ करने तथा प्रगतिरत योजनाओं को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सचिवों की मांग पर सीईओ ने सूचना का अधिकार अधिनियम के मुख्य प्रावधानों पर सभी सचिवों को संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिकोण से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाने, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और घर-घर तिरंगा लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद सचिवों ने आपसी चर्चा में बताया कि यह बैठक अब तक की अन्य साप्ताहिक बैठकों से अधिक विस्तृत, संवादात्मक और उपयोगी रही। सचिवों का मानना है कि सीईओ विवेक गोस्वामी के नेतृत्व में न केवल दस्तावेजों के संधारण, बल्कि योजना लेखन और हितग्राही कार्यों की निगरानी एवं क्रियान्वयन के नए तरीके सीखने को मिल सकते हैं।

■ विकास कार्यों और योजनाओं की गहन समीक्षा

## बीएसएनएल का फ्रीडम प्लान लॉन्च सिर्फ 1 रुपए में पाएं 4जी, 5जी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़**

भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक फ्रीडम प्लान लॉन्च किया हैए जिसकी शुरुआत 1 अगस्त से हो चुकी है। इस योजना के तहत मात्र 1 रुपए के रिचार्ज पर बीएसएनएल का 4जी और 5जी सिम कार्ड बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। इसके साथ हीए दूसरे ऑपरेटर के सिम को भी सिर्फ 1 रुपए में बीएसएनएल में पोर्ट करने की सुविधा दी जा रही है। इस योजना में 30 दिन की वैधता के साथ ग्राहकों को हर दिन 2जी हाई.स्पीड डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और 100 एसएमएस प्रतिदिन की सुविधा मिल रही है। यह प्लान नया सिम लेने वाले ग्राहक या मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी एसएमएस के जरिए बीएसएनएल में आने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। ग्राहक यह प्लान बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केंद्र, अधिकृत फ्रेंचाइजी, रिटेलर और डीएस, एजेंटों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस फ्रीडम प्लान की वैधता 31 अगस्त 2025 तक रहेगी। बीएसएनएल रायगढ़ के उपमहाप्रबंधक पूनम चंद महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवाएं लगातार विस्तार कर रही हैं। हम अपने उपभोक्ताओं को सस्ती, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह फ्रीडम प्लान डिजिटल इंडिया की दिशा में एक मजबूत कदम है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस प्लान को लेकर उपभोक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी ऑपरेटरों के महंगे प्लानों के मुकाबले ग्राहकों को किफायती विकल्प उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकता है।

■ 1 अगस्त से लागू, 31 अगस्त तक वैध

## कॉलेज में व्यास पूजा एवं शिक्षा नीति पर कार्यक्रम

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान समय में गुरु शिष्य परंपरा को प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई घरघोड़ा द्वारा 7 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ रविंद्र कौर चौबे के मार्गदर्शन, प्राचार्य डॉ. जगदीश तिर्की के संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण कुमार पंडा अध्यक्ष साशी निकाय समिति एवं सदस्य विजय डनसेना के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसएल साहू रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा व्यास पूजा एवं गुरु पूजा का भारतीय परंपरा पर व्याख्यान दी गई तथा प्रभारी अजय मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

**मेडिकल कॉलेज में नियम ताक पर, मरीजों की सेहत पर खतरा**

# मेडिकल कॉलेज या कचरा घर : खुले में फेंकी जा रही संक्रमित सामग्री, बढ़ा संक्रमण का खतरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़**



जिले के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल से प्रतिदिन निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को डंप करने के लिए भले ही अलग से व्यवस्था तय की गई हो। लेकिन हकीकत यह है कि यह कचरा अस्पताल परिसर के भीतर ही खासकर अस्पताल की पीछे की ओर खुले में फेंका जा रहा है। इससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि मरीजों और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के भीतर मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली इंजेक्शन की सीरिंज, ड्रिप की बोतलें, पट्टियां, बैंडेज और खून लगे मेडिकल कपड़े जैसी बायोमेडिकल सामग्री को साफ-सफाई के नियमों को दरकिनार कर अस्पताल के पीछे की खिड़कियों से सीधे फेंका जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों की यह लापरवाही न सिर्फ बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का उल्लंघन है बल्कि यह कचरा आम लोगों के संपर्क में आकर बीमारियों और संक्रमणों का कारण भी बन सकता है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि अस्पताल परिसर में गीले और सूखे कचरे के लिए कूड़ेदान और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था मौजूद है। इसके बावजूद इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। यह साफ दर्शाता है कि अस्पताल प्रशासन की ओर से निगरानी और अनुशासन की कमी है।

### जवाबदेह है कचरा उठाने वाली एजेंसी

मेडिकल कचरे के निस्तारण की जिम्मेदारी जिस एजेंसी को सौंपी गई है। उसने पूरी तरह से अपने कर्तव्यों को दरकिनार कर दिया है। यह एजेंसी नियमित रूप से अस्पताल से कचरा उठानेए उसे सुरक्षित तरीके से अलग करने और नियमानुसार डंपिंग यार्ड तक पहुंचाने की जिम्मेदार है। लेकिन हकीकत यह है कि कई दिनों से यह कचरा न तो उठाया जा रहा है और न ही सही जगह पर डंप किया जा रहा है। बता दें अस्पताल से दो तरह का कचरा निकलता है। एक सामान्य कचरा रहता है, जबकि दूसरा मेडिकल वेस्टेज।

अस्पताल से निकलने वाले सभी तरह के कचरों को डंपिंग यार्ड भेजा जाता है। हो सकता हो इसमें थोड़ा विलंब हुआ हो। प्रबंधन पूरी कोशिश करता है कि अस्पताल परिसर में कचरे न हों।

**डॉ. शोभित माने,**
सहायक अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल।

### पेज 3 का शेष

**मुख्यमंत्री ने नए ...** बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि वे छत्तीसगढ़ के सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज यहाँ स्व-सहायता समूह से जुड़ी बहनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने ई-रिक्शा वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 18 लाख आवास का कार्य तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इसको आगे बढ़ाते हुए आवास प्लस प्लस के तहत जिसके पास 5 एकड़ असिंचित भूमि, 2.50 एकड़ सिंचित भूमि, टू व्हीलर और 15 हजार की आमदनी है उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना ने माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आमदनी में इजाफा के लिए तेंदू पत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा मिले इसके लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले जा रहे हैं। आगामी पंचायत दिवस को सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियां के तहत नवाचारों का बेहतर उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाया गया है। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों किए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस सेवा शुरू किया गया है।


जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
▸ पॉली ट्रॉमा
▸ मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
▸ कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
▸ पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
▸ हड्डियों से मवाद रिसना
▸ ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

स्वामी जी-93406-38884



ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411